# गणित विभाग

शासकीय चंदूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन की स्थापना 16 अगस्त सन 1989 को हुई थी। महाविद्यालय में विज्ञान संकाय का प्रारंभ सत्र 1990–91 से शुरु हुआ था। इसमें गणित, बी.एस–सी. के एक विषय के रूप में आदेशित किया गया था। प्रारंभ में गणित विभाग में एक सहायक प्राध्यापक का पद स्वीकृत किया गया था। सत्र 1994–95 के पूर्व तक जनभागीदारी समिति के माध्यम से अध्यापन कार्य करवाया गया। सत्र 1994–95 में गणित विभाग में डॉ. रोहित कुमार वर्मा की नियुक्ति इस महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के रुप में की गई। सत्र 2017–18 से महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर एम.एस–सी. (गणित) विषय को प्रारंभ करने का आदेश 25 छात्र संख्या के लिए प्राप्त हुआ था। जिसके अंर्तगत 05 छात्रों ने प्रवेश लिया था। तब से वर्तमान सत्र 2023–24 अर्थात 07 वर्षो तक सफलतापूर्वक गणित विभाग का संचालन हो रहा है। एम.एस–सी. (गणित) विषय प्रारंभ होने के समय एक पद "प्राध्यापक" का स्वीकृत हुआ था। जिसमे सत्र 2023–24 में श्री जयनेन्द्र श्रीवास अतिथि सहायक प्राध्यापक के रुप में कार्यरत हैं। विगत सत्र से एम.एस–सी. (गणित) में छात्रों की सीट संख्या में वृद्धि करके 35 की गई है। विगत सत्र में ही स्नातक स्तर पर बी.एस–सी (गणित, भौतिकी और भूगोल) विषय के साथ संकाय प्रारंभ करने का आदेश प्राप्त हुआ था। जिसमें एक पद गणित के सहायक प्राध्यापक का स्वीकृत हुआ थ जिसमें अतिथि व्याख्याता के रूप में पद विज्ञापित किया गया था । वर्तमान में कु. प्रिया चंद्राकर (अतिथि सहायक प्राध्यापक) के रुप में कार्यरत हैं जिसके अंतर्गत इस महाविद्यालय में वर्तमान सत्र 2023–24 में कुल 01 छात्र ने प्रवेश लिया है।




सत्र 2023– 24 में विगत वर्ष की भांति प्रेरण कार्यक्रम, अभिमुखीकरण कार्यक्रम, प्रोग्राम आउटकम, स्लो एवं एडवांस लर्नर, पावर पांइट प्रस्तुति, श्यामपट प्रस्तुति, समूह–चर्चा तथा भारत के प्रमुख गणितज्ञों के जीवन परिचय एवं उनके योगदान पर परिचर्चा करवायी गयी। नेतृत्व भागीदारी के तहत् विभागीय छात्र–परिषद का गठन किया गया।




MoU के तहत् 06 कक्षाओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित कुमार वर्मा के द्वारा श्री रावतपुरा सरकार वि.वि. रायपुर में ऑनलाईन व्याख्यान दिया गया। महाविद्यालय में गणित एवं विज्ञान दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता तथा चलित मॉडल का प्रदर्शन किया गया। सभी विजेता छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। भूतपूर्व छात्रों की बैठक एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वैल्यू एडेड कोर्स (VAC) के तहत् शीर्षक "प्रतियोगिता परीक्षा में गणित" विषय के अंतर्गत कुल 22 छात्रों ने सफलता पूर्वक परीक्षा उत्तीर्ण की। ज्ञातव्य है कि सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में वस्तुनिष्ठ गणित के प्रश्न पूछे जाते हैं जिसका अभ्यास इस पाठ्यक्रम में करवाया गया। समीक्षा अवधि के दौरान महाविद्यालय के गणित विभाग के द्वारा 08 शोध पत्रों का प्रकाशन अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में हो चुका है। वर्तमान में 02 शोध छात्र महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष के अंतर्गत पंजीकृत हैं इसके अलावा अतिथि व्याख्याता श्री जयनेन्द्र श्रीवास भी शोधरत हैं। महाविद्यालय की एम.एस–सी. (गणित) की छात्रा कु. प्रिया चंद्राकर को सत्र 2020– 21 में विश्वविद्यालयीन मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया था। गणित विभाग का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

| क्र० | कक्षा | प्रवेशित | परीक्षार्थी | सामान्य | अ०जा० | अ०ज०जा० | अपिव | उ० | कुल म० F |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | BSc–III (M+B+G) | 26+92=118 | 26+88 | 2+5=7 | 3+6=9 | 2+4=6 | 17+66 | 24 | 81 |
| 2. | MSc–IV sem(Maths) | 7+9=16 | 7+7=14 | 1+0=1 | 0+0=0 | 1+0=1 | 3+5=8 | 05 | 05 |

डॉ. रोहित कुमार वर्मा
विभागाध्यक्ष गणित

धीरे–धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय,
माली सींचे सौ घड़ा, रितु आए फल होए।
–संत कबीरदास